05.09.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 1830 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ शिक्षक दिवस पर आज देश–प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम–राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षा में बालिकाओं की हिस्से दारी बढ़ने पर प्रसन्नता जताई।

○ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–देश और समाज की प्रगति में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका–राज्य स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया।

○ पैगम्बर हज़रत मुहम्मद साहब के जन्मदिन ईद मिलाद–उन–नबी पर आज विभिन्न स्थानों पर महफिलें और जुलूस के आयोजन।

○ प्रदेश में मॉनसून की रंगत जारी–28 जिलों के लिए आज बारिश का अलर्ट।

000

देश के पूर्व राष्ट्रपति और प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन आज देशभर में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 45 शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में एक अमूल्य योगदान है। राष्ट्रपति ने कहा कि बेटियों की सर्वोत्तम शिक्षा से ही देश के विकास में महिलाओं को अग्रणी भूमिका मिल सकती है। श्रीमती मुर्मू ने हाल के वर्षों में उच्च शिक्षा दाखिले में बालिकाओं की बढ़ती संख्या पर प्रसन्नता व्यक्त की।

000

समारोह में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय टपूकड़ा की प्राधानाचार्य नीलम यादव को भी राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्रीमती यादव को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास की दिशा में किए गए उत्कृष्ट कार्यों लिए ये पुरस्कार दिया गया है।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुओं को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षकों के कठिन परिश्रम और समर्पण से उत्कृष्टता को बढ़ावा मिला है, जिससे राष्ट्रीय विकास को गति मिली है।

शिक्षक दिवस पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूओं को देश समाज का निर्माणकर्ता बताते हुए कहा कि देश और समाज की प्रगति शिक्षकों के हाथों में है।

000

समारोह में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदेशभर के चुने हुए शिक्षकों को सम्मानित किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री तथा तकनीक और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा तथा शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी शामिल हुए।

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शिक्षक दिवस पर प्रदेश के गुरूजनों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों को विद्यार्थियों का जीवन गढ़ने और उन्हें संस्कारित करने वाला बताया। जयपुर में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति की चर्चा करते हुए कहा कि यह राष्ट्र विकास से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि इसे शिक्षक, विद्यार्थी और समाज के हितों के आलोक में तैयार किया गया है।

000

केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के दूसरे चरण के अंतर्गत अंगीकार 2025 अभियान का शुभारंभ किया। अभियान के दौरान देश भर में इस योजना के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करके प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के कार्यान्वयन में तेजी लाई जाएगी। साथ ही आवेदनों के

सत्यापन की प्रक्रिया भी तेज की जाएगी और पहले से स्वीकृत घरों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाएगा।

000

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि जीएसटी की नई व्यवस्था से नागरिकों के उपभोग में सुधार होगा और इससे पुंजीगत व्यय पर कोई प्रभाव नहीं पडेगा। एक समाचार चैनल से बातचीत में सुश्री सीतारामन ने कहा कि पहली बार केन्द्र सरकार ने जीएसटी पर क्षतिपूर्ति मुआवजा और समग्र प्रस्ताव पारित किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम और एल्कोहल उत्पाद जीएसटी के दायरे से बाहर होंगे। वित्तमंत्री ने बताया कि सरकार उन निर्यातकों को सहयोग देने के प्रयासों पर कार्य कर रही है, जिन पर 50 प्रतिशत अमरीकी आयात शुल्क का प्रभाव पड़ा है।

000

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वयक बैठक आज से जोधपुर में शुरू हुई। बैठक में सरसंघ चालक डॉ. मोहन भागवत और सर कार्यवाहक दत्तात्रेय होसबाले सहित संघ से जुड़े विभिन्न संगठनों की शीर्ष पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी शिरकत की। हमारे संवाददाता ने बताया कि 7 सितम्बर तक चलने वाली बैठक में संघ की शताब्दी वर्ष की तैयारियों, पंच परिवर्तन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति की समीक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जा रही है।

000

पैगंबर हज़रत मुहम्मद साहब का जन्मदिन ईद मिलाद–उन–नबी आज धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पैगंबर मुहम्मद की डेढ हज़ारवीं जयंती होने के कारण आज का दिन ख़ास माना गया है। इस अवसर पर मस्जिदों, दरगाहों और मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में "मिलाद महफिलें" तथा "सीरत सम्मेलन" आयोजित किए जा रहे हैं। ईद मिलाद–उन–नबी जिसे बारहा वफात भी कहा जाता है को लेकर प्रदेशभर में भी मुस्लिम धर्मावलंबियों में उत्साह का माहौल देखा गया। पैगंबर मुहम्मद के जीवन और शिक्षा को दर्शाते जुलूस निकाले गये। ख्वाजा नगरी अजमेर में मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश के मौके पर हजरत मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह से शानो शौकत से जुलूस निकाला गया। ढाई दिन के झौपड़े से शुरू हुआ जुलूस चिल्ला कुतुब साहब पहुंचा, जहां उन्हें सलाम पेश कर अमन चैन की दुआ की गई। चित्तौड़गढ़ के कपासन में बारह वफात के मौके पर बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंचे। वहां मुख्य मस्जिद में नमाज के बाद लोगों ने एक–दूसरे को मुबारकबाद दी।

000

श्रीगंगानगर में निकाले गये जुलूस में देशभक्ति का नज़ारा देखने को मिला, वहां तिरंगे के साथ अकीदतमंद शामिल हुए। जुलूस का जगह–जगह स्वागत किया गया। डूंगरपुर में निकाले गये जुलूस ए मुहम्मदी में शहर काज़ी के नेतृत्व में लोगों ने बैंड–बाजों के साथ भागीदारी निभाई। इधर, राजधानी जयपुर में निकाले जा रहे जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शहर के अंदरूनी इलाकों से होता हुआ ये जुलूस करबला पहुंचेगा। बांसवाड़ा, चूरू, सवाईमाधोपुर और अन्य जिलों से भी ईद मिलाद–उन–नबी धार्मिक उत्साह के साथ मनाए जाने के समाचार हैं।

000

जयपुर–दिल्ली राजमार्ग पर यातायात सुगम बनाने के लिए कल से चंदवाजी से शाहजहांपुर के बीच लेन सिस्टम को सख्ती से लागू किया जाएगा। इस दौरान निर्धारित लेन से बाहर चलने वाले व्यवसायिक तथा भारी वाहनों के चालान काटे जाएंगे।
कोटपूतली–बहरोड़ के जिला परिवहन अधिकारी सुनील सैनी ने बताया कि 25 अगस्त से शुरू हुए इस अभियान के पहले चरण में समझाइश से जागरुकता बढ़ाई गई।

000

जयपुर के राजस्थान विश्वविद्यालय में पर्यावरण प्रदूषण की चुनौतियों और उनके समाधान पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। एपीजे अब्दुल कलाम राजकीय कन्या महाविद्यालय, गंगापोल और इंटरनेशनल सोसायटी फॉर लाइफ साइंसेज़ की ओर से हुए इस सम्मेलन में विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। सम्मेलन में देशभर के कुल 400 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

000

प्रदेश में मॉनसून की रंगत बनी हुई है। आज भी दक्षिणी और पूर्वी जिलों में अधिकांश स्थानों पर बारिश की गतिविधियां दर्ज की गईं। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में सबसे ज्यादा 12 सेंटीमीटर से ज्यादा पानी बाँसवाड़ा के सल्लोपाट में बरसा। विभाग ने 28 जिलों के लिए आज बारिश का अलर्ट जारी किया है। बांसवाड़ा में रेट अलर्ट, जबकि बारां, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, झालावाड़, सिरोही, कोटा, उदयपुर, प्रतापगढ़, राजसमंद, सलूम्बर और सवाईमाधोपुर के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट दिया गया है।

इस बीच, प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में हो रही झमाझम बारिश से नदी–नाले उफान पर हैं। कई बांध ओवर फ्लो चल रहे हैं। वहीं कई बांध अपने भराव क्षमता के करीब आ गये हैं।

हमारे पाली संवाददाता ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान का सबसे बड़ा जवाई बांध अपनी पूर्ण भराव क्षमता के नजदीक पहुंच गया है। वहां बांध के गेट खोलने को लेकर जिला प्रशासन मंथन कर रहा है।

000

बांसवाड़ा के माही बजाज बांध के 16 गेट खोलकर लगातार अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही है। अजमेर में बोराज तालाब की बारिश के कारण कल टूटी पाल को दुरूस्त करने का काम किया जा रहा है। पाल टूटने से इलाके की कई कॉलोनियों में पानी भर गया। प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। उधर, दौसा में 15 साल से सूखी पड़ी बाणगंगा नदी में पानी आने पर ग्रामीणों ने पारंपरिक रिवाज के साथ उसका स्वागत किया।

000